## गुस्ताखी माफ

जब पूरी होती नहीं, मन की कोई आस।
ऐसे में जाती निकल, भीतर भरी भड़ास।
भीतर भरी भड़ास, सभी ऐसा ही करते।
दिल में हो जब टीस, फूल फिर मुख से झरते।
कह साहिल कविराय, अभी उम्मीद अधूरी।
थम जायेंगे वार, आस जब होगी पूरी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 220 | TUESDAY 18-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# IAS-IPS से DSP तक पोस्टिंग ही नहीं, टेंडर और CLU तक का 'खेल'? : ईडी दस्तावेज में बड़ा खुलासा

लुधियाना/चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। पंजाब में ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर पिछले कुछ समय से जो चर्चाएं और आरोप राजनीतिक गलियारों में घूम रहे थे, अब मामला एक दस्तावेज के सामने आने के बाद और गंभीर हो गया है। ईडी की जांच से जुड़े इस दस्तावेज में सिर्फ ट्रांसफर-पोस्टिंग की बात नहीं है, बल्कि कथित तौर पर जुड़े लोगों के नाम, तारीखें, अधिकारियों के नाम, व्हाट्सऐप चैट और अलग-अलग मामलों का पूरा ब्यौरा दर्ज है। दस्तावेज में मुख्य तौर पर नितिन गोहल का नाम सामने आता है। ईडी के मुताबिक, जांच के दौरान मिले व्हाट्सऐप चैट और दूसरे संचार माध्यमों से सरकारी अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को प्रभावित करने के कथित मामलों का पता चला। दस्तावेज में यह भी लिखा है कि नितिन गोहल कथित तौर पर राजबीर घुम्मन और जिटिन गोहल उर्फ राजा के साथ समन्वय कर रहे थे।

यानी अब कहानी सिर्फ 'किसी नेटवर्क की चर्चा' तक सीमित नहीं है। दस्तावेज में एक के बाद एक तारीखों के साथ कथित ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामलों का जिक्र किया गया है।




### २०२३ से २०२६ तक- एक-एक तारीख दर्ज

दस्तावेज में 20 से ज्यादा कथित ट्रांसफर-पोस्टिंग मामलों का ब्यौरा दिया गया है। इनमें डीएफओ मनीष आरएस नागरा, डीजीएम अमरजीत सिंह, डीएसपी परमिंदर राजन, मंजीत सिंह तिवाना, एडीसी संगीता कुमार, पीसीएस अधिकारियों और कई अन्य अधिकारियों से जुड़े मामलों का जिक्र है।

दस्तावेज में 20 सितंबर 2023 से लेकर मार्च 2026 तक अलग-अलग तारीखों पर कथित तौर पर अधिकारियों की पोस्टिंग और ट्रांसफर को लेकर हुई बातचीत का विवरण दिया गया है। कुछ मामलों में आईएएस, आईपीएस, पीसीएस और डीएसपी रैंक के अधिकारियों की पोस्टिंग से संबंधित चैट का भी उल्लेख है।

### आर्म्स लाइसेंस में भी नाम और चैट

दस्तावेज में आर्म्स लाइसेंस मामलों को लेकर भी अलग सेक्शन है। इसमें काकू अहलूवालिया, डॉ. रोमी, चुस्पिंदर चहल, तुषार गुप्ता, अमृतपाल ढडसा और विक्की समेत कई नामों का जिक्र किया गया है। दस्तावेज के मुताबिक, अलग-अलग मामलों में आर्म्स लाइसेंस को लेकर नितिन गोहल से संपर्क और कथित मदद की बातचीत सामने आई।

### जमीन के सौदों और सरकारी मंजूरियों तक कनेक्शन?

ईडी के दस्तावेज में जमीन और रियल एस्टेट से जुड़े मामलों का भी जिक्र किया गया है। पूरे पंजाब में जमीन की खरीद, जालंधर के डेवलपर्स, आरकेएम हाउसिंग, बीर देविंदर, चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज और मोहाली के वेस्टर्न टावर्स समेत कई मामलों का उल्लेख किया गया है। इनमें सरकारी मंजूरियों, बिजली कनेक्शन, रजिस्ट्री, सीएलयू और दूसरे मामलों में कथित हस्तक्षेप की बात कही गई है।

### सिर्फ ट्रांसफर नहीं- पॉलिसी से लेकर टेंडर तक का जिक्र

ईडी के दस्तावेज में आरोपों का दायरा ट्रांसफर-पोस्टिंग से आगे जाता है। एक अलग सेक्शन में पॉलिसी बदलाव और प्रशासनिक फैसलों में कथित हस्तक्षेप का जिक्र है। इसमें एफआरके टेंडर की शर्तों में बदलाव, फूडग्रेन ट्रांसपोर्ट पॉलिसी, लाइसेंस रिन्यूअल, पीपीएससी से जुड़ी नियुक्ति और अन्य प्रशासनिक मामलों का उल्लेख है। यानी दस्तावेज में यह आरोप लगाया गया है कि कथित नेटवर्क की पहुंच सिर्फ अधिकारियों की पोस्टिंग तक नहीं थी, बल्कि सरकारी फैसलों और प्रक्रियाओं तक भी थी।

### और सबसे बड़ा सवाल- पैसा कहां से आया?

दस्तावेज में कथित भुगतान और लाभ का भी ब्यौरा दिया गया है। इसमें 10 लाख रुपये के कथित भुगतान, तलाशी के दौरान 21 लाख रुपये की बरामदगी, मर्सिडीज की मेंटेनेंस से जुड़े कथित भुगतान, जमीन से जुड़े मामलों और दूसरे वित्तीय लेन-देन का उल्लेख है। यानी ईडी के दस्तावेज में सिर्फ आरोपों का जिक्र नहीं, बल्कि कथित लेन-देन और उनसे जुड़े नामों व तारीखों को भी दर्ज किया गया है।

### अब पिछली खबर से आगे बढ़ी कहानी

सबसे अहम बात यही है कि जिस ट्रांसफर-पोस्टिंग नेटवर्क को लेकर पहले सवाल उठ रहे थे, अब ईडी के दस्तावेज ने उन आरोपों का पूरा रिकॉर्ड जांच के नजरिए से सामने रख दिया है।

नाम हैं. तारीखें हैं. व्हाट्सऐप चैट का जिक्र है‌ अधिकारियों के नाम हैं‌ ट्रांसफर-पोस्टिंग के कथित मामलों की सूची है. आर्म्स लाइसेंस, जमीन, टेंडर और भुगतान तक का ब्यौरा है।

अब देखना यह है कि इस दस्तावेज के आधार पर पंजाब पुलिस और आगे की जांच एजेंसियां क्या कार्रवाई करती हैं।

फिलहाल ये सभी आरोप जांच का हिस्सा हैं और अंतिम तौर पर किसी की आपराधिक जिम्मेदारी अदालत या जांच की प्रक्रिया से ही तय होगी।

# 2027 की चुनावी आहट: लुधियाना साउथ-वेस्ट में सियासी चेहरे हुए एक्टिव

लुधियाना/यूटर्न/17 अगस्त। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 अभी दूर हैं, लेकिन सियासी हलचल अभी से तेज हो गई है। अलग-अलग विधानसभा हलकों में राजनीतिक चेहरे एक्टिव होने लगे हैं। कोई कैंपेनिंग के जरिए लोगों के बीच पहुंच बना रहा है तो कोई समाजसेवा के जरिए अपना जनसंपर्क मजबूत कर रहा है। खास तौर पर लुधियाना साउथ और लुधियाना वेस्ट में राजनीतिक गतिविधियां चर्चा का विषय बनी हुई हैं।







लुधियाना साउथ में रुचि बावा के पोस्टर लगने के बाद राजनीतिक चचाओं ने जोर पकड़ लिया है। रुचि बावा की ओर से कैंपेनिंग भी शुरू कर दी गई है। हालांकि इसे सीधे तौर पर चुनावी तैयारी माना जाए या नहीं, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे 2027 के चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

वहीं लुधियाना वेस्ट में रविंदर घई भी लगातार समाजसेवा के कामों के जरिए लोगों के बीच सक्रिय नजर आ रहे हैं। वह मुख्यमंत्री को ई-मेल के जरिए समाज से जुड़े मुद्दों और लोगों की समस्याओं से अवगत करवाते रहते हैं और इन मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरी ओर लुधियाना वेस्ट की सियासत में संजीव अरोड़ा का नाम भी खास चर्चा में है। संजीव अरोड़ा को पंजाब के लोकप्रिय नेताओं में गिना जाता है। ईडी की कार्रवाई और लगातार सामने आई कानूनी चुनौतियों के बावजूद उन्होंने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा और अपना राजनीतिक स्टैंड कायम रखा।

## बराड़ा वार्ड 16 में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें हुईं ठीक, पार्षद गुरजिंदर कौर की पहल से लोगों को मिली राहत

बराड़ा/यूटर्न/17 अगस्त। बराड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 16 में लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को पार्षद गुरजिंदर कौर की पहल पर ठीक करवा दिया गया है। लंबे समय से वार्ड की कई गलियां अंधेरे में डूबी हुई थीं, जिससे स्थानीय लोगों को रात के समय आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वार्डवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद गुरजिंदर कौर ने बंद पड़ी लाइटों को ठीक करवाने की कार्रवाई शुरूकरवाई। लाइटें ठीक होने के बाद अब वार्ड की गलियों में रोशनी लौट आई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।पार्षद गुरजिंदर कौर ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने भरोसा दिलाया है कि बराड़ा शहर के विकास कार्य किसी भी कीमत पर नहीं रुकने दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 16 की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर उठाकर उसका समाधान करवाया जाएगा।



## आतंकी साजिश मामले में आरोपी इकबाल सिंह के अंगूठे की होगी वैज्ञानिक जांच

### मोहाली कोर्ट ने वीडियो वाली एमआर -242 सामग्री सीएफएसएल चंडीगढ़ भेजने की दी मंजूरी

मोहाली/यूटर्न/17 अगस्त। आतंकी साजिश से जुड़े मामले में आरोपी इकबाल सिंह के अंगूठे की वैज्ञानिक जांच का रास्ता साफ हो गया है। मोहाली स्थित सीबीआई-1 के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने एनआईए की ओर से दायर आवेदन को मंजूर करते हुए वीडियो वाली सामग्री एमआर-242 को मूल सैंपल सील के साथ केंद्रीय फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (सीएफएसएल) चंडीगढ़ भेजने की अनुमति दे दी है। इस सामग्री की जांच कर वीडियो/वैज्ञानिक रिकॉर्ड में मौजूद अंगूठे की तस्वीरों का आरोपी इकबाल सिंह के अंगूठे से मिलान किया जाएगा।

अदालत के समक्ष एनआईए की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि छह अगस्त 2026 के आदेश के तहत आरोपी इकबाल सिंह को शारीरिक जांच के लिए सीएफएसएल चंडीगढ़ में पेश करने की अनुमति दी गई थी। इसके तहत आरोपी के दोनों हाथों के अंगूठों की जांच कर रिकॉर्ड में उपलब्ध संबंधित वीडियो और अन्य सामग्री से उनका वैज्ञानिक मिलान किया जाना है। सीएफएसएल चंडीगढ़ के निदेशक को आरोपी के दाहिने हाथ के अंगूठे की नमूना तस्वीरें लेने और वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से उनका मिलान करने के निर्देश दिए गए थे।

**2021 की एफएसएल रिपोर्ट से जुड़ी है सामग्री...**एनआईए ने अदालत को बताया कि एमआर-242 में मौजूद वीडियो सीएफएसएल चंडीगढ़ की जांच रिपोर्ट संख्या सीएफएसएल (सीएचडी)/1931/2020/पीएचवाई/494/2020/137 ( 22 जनवरी 2021) का हिस्सा है। यह दस्तावेज दूसरी पूरक चार्जशीट में डी-212 के रूप में शामिल है। एनआईए के अनुसार वीडियो वाली यह सामग्री अदालत की संपत्ति है और सीलबंद हालत में एनआईए के मालखाने में रखी हुई है। मूल सैंपल सील भी उक्त एफएसएल रिपोर्ट के साथ संलग्न है और अदालत के मालखाने में सुरक्षित रखी गई है। एनआईए ने अदालत से आग्रह किया था कि छह अगस्त के आदेश की अनुपालना के लिए एमआर-242 और मूल सैंपल सील को सीएफएसएल चंडीगढ़ भेजने की अनुमति दी जाए। अब सीएफएसएल में आरोपी इकबाल सिंह के दाहिने हाथ के अंगूठे की नमूना तस्वीरों और रिकॉर्ड में उपलब्ध वीडियो/सामग्री का वैज्ञानिक परीक्षण किया जाएगा। इस जांच की रिपोर्ट मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई में महत्वपूर्ण मानी जा सकती है।

**क्या है मामला ?...**इस केस की शुरूआत 25 अप्रैल 2020 को थाना सदर अमृतसर में से हुई थी। पुलिस ने हिलाल अहमद शेरगोजरी निवासी पुलवामा जम्मू-कश्मीर को अमृतसर में कथित तौर पर 29 लाख रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किया था।

## फीको के स्वतंत्रता दिवस समारोह में 10 हस्तियों को उत्कृष्टता पुरस्कार, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ग्रीन फ्यूचर का दिया संदेश

लुधियाना/यूटर्न/17 अगस्त। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (FICO) की ओर से 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। MSME विकास एवं सुविधा कार्यालय, संगीत सिनेमा के सामने आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया और विभिन्न क्षेत्रों में शानदार योगदान देने वाली 10 प्रतिष्ठित हस्तियों को उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



इस बार समारोह की थीम 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, हरित कल' रही। कार्यक्रम के जरिए उद्योग जगत की ओर से पर्यावरण संरक्षण, नई तकनीक और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## एसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ को प्रेस क्लब ने दी भावभीनी विदाई



डेराबस्सी/यूटर्न/17 अगस्त। प्रेस क्लब सब-डिवीजन के पत्रकारों की ओर से सोमवार को क्लब प्रधान हरजीत सिंह लक्की की अगुवाई में एसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ को उनके राजपुरा तबादले पर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान पत्रकारों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए बेहतर भविष्य और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में पहचान रखने वाले एसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने लंबे समय तक डेराबस्सी हलके में सेवाएं दीं। उन्होंने पहले जीरकपुर और बाद में डेराबस्सी में अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। अब उनका रूटीन तबादला राजपुरा किया गया है।

## मुंबई में 23-24 अगस्त को 'हैपनिंग हरियाणा' रोडशो, निवेशकों को लुभाएगी नई औद्योगिक नीति



चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। हरियाणा सरकार अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक ताकत दिखाने की तैयारी में है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि 23 और 24 अगस्त को ह्यहैपनिंग हरियाणाह्न रोडशो आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश-विदेश के निवेशकों को हरियाणा में निवेश के लिए आकर्षित करना है। रोडशो में हरियाणा की मजबूत सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी, दिल्ली-एनसीआर से नजदीकी और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक ढांचे को प्रमुखता से पेश किया जाएगा। साथ ही नई औद्योगिक नीति और एमएसएमई नीति के तहत मिलने वाली सुविधाओं और प्रोत्साहनों की जानकारी निवेशकों को दी जाएगी। सरकार ने 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र में 55 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा 10 नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप और कुंडली-मानेसर एक्सप्रेसवे के आसपास विकसित किए जा रहे पांच नए शहर भी निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। राव नरबीर सिंह ने कहा कि रोडशो का मकसद सिर्फ निवेश लाना नहीं, बल्कि रोजगार और आर्थिक विकास को गति देना है। 27 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एमओयू करने वाले निवेशकों से चंडीगढ़ में सीधे संवाद भी करेंगे। सरकार का लक्ष्य विकसित भारत-2047 में हरियाणा की भूमिका को और मजबूत करना है।

## एडीसी मनजीत सिंह चीमा ने तहसीलदार सतनाम सिंह को किया सम्मानित

### ईमानदार और समर्पित सेवाओं के लिए सिद्धवां बेट के तहसीलदार सतनाम सिंह विशेष रूप से सम्मानित

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/अगस्त। जगरांव में स्वतंत्रता दिवस को समर्पित एक विशेष समारोह के दौरान सिद्धवां बेट के तहसीलदार सतनाम सिंह को उनकी उत्कृष्ट और समर्पित सेवाओं के लिए एडीसी मनजीत सिंह चीमा द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा और सुखविंदर सिंह सुक्खी सहित कई गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।



समारोह के दौरान वक्ताओं ने तहसीलदार सतनाम सिंह की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सतनाम सिंह अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना और उनके त्वरित समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी कार्यशैली का मुख्य हिस्सा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जनता को पारदर्शी और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे ऐसे प्रयास वाकई सराहनीय हैं। उनकी इन्हीं जनहितैषी और बेहतरीन सेवाओं को मान्यता देते हुए स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है। इस दौरान उपस्थित सभी प्रमुख शख्सियतों ने तहसीलदार सतनाम सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में भी इसी निष्ठा, ईमानदारी व तन्मयता के साथ जनसेवा जारी रखने की शुभकामनाएं दीं। इस सम्मान से प्रशासनिक हलकों में भी खुशी की लहर है।




पेज 06 हरियाली तीज पर बाबा श्याम का कीर्तन...


# लुधियाना में ट्रांसपोर्ट दफ्तर में चोरी: हथौड़ा लेकर घुसा चोर, 3 CCTV को किया बंद; AC के पीछे छिपा कैमरा बना 'गवाह'



लुधियाना/यूटर्न/17 अगस्त। घोड़ा कॉलोनी के पास अमन सतकार लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट के दफ्तर में देर रात चोरी का मामला सामने आया है। चोर पड़ोसियों की दीवार फांदकर दफ्तर में दाखिल हुआ और हथौड़े की मदद से लॉकरों व तिजोरी के ताले तोड़ डाले। इस दौरान उसने दफ्तर में लगे 3 CCTV कैमरों की दिशा बदलकर उन्हें बंद कर दिया।

लेकिन चोर की पूरी 'प्लानिंग' एक कैमरे के सामने फेल हो गई। AC के पीछे लगा हिडन कैमरा उसकी नजर से बच गया। इसी कैमरे में चोर की करीब एक घंटे तक की पूरी गतिविधि रिकॉर्ड हो गई। अब यही फुटेज पुलिस के लिए आरोपी तक पहुंचने का अहम सुराग बनी हुई है।

**सुबह लंगर लगाने पहुंचे तो खुला चोरी का राज...**ट्रांसपोर्ट मालिक अमन ने बताया कि वह रविवार रात रोजाना की तरह दफ्तर बंद कर घर चले गए थे। सावन का महीना होने के कारण सोमवार सुबह करीब 6 बजे वह दफ्तर में लंगर लगाने के लिए पहुंचे। दफ्तर का दरवाजा खोलते ही अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था और लॉकरों के ताले टूटे हुए थे। फाइलों को भी खंगाला गया था। जांच करने पर पता चला कि तिजोरी से करीब सवा लाख रुपये की नकदी गायब थी।

एक-एक ताला तोड़ा, फाइलें खंगालीं और फिर तिजोरी पर किया वार CCTV फुटेज देखने पर सामने आया कि आरोपी रात के समय दफ्तर में दाखिल हुआ। करीब एक घंटे तक वह दफ्तर के अंदर रहा।

इस दौरान उसने एक-एक दरवाजे के ताले तोड़े और लॉकरों व फाइलों को खंगाला। इसके बाद हथौड़ा लेकर तिजोरी तक पहुंचा और उसका ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली। 3 CCTV को चकमा दिया, लेकिन 'हिडन कैमरा' से बच नहीं पाया

चोर ने दफ्तर में लगे 3 CCTV कैमरों की दिशा बदल दी, ताकि उसकी हरकतें रिकॉर्ड न हो सकें। उसे शायद लगा कि अब पूरा रास्ता साफ है। लेकिन अउ के पीछे लगा हिडन कैमरा उसकी नजर से बच गया।

दफ्तर में दाखिल होने से लेकर नकदी लेकर फरार होने तक की उसकी गतिविधियां इसी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब इसी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान में जुटी है।

**पहले भी ड्राइवरों के मोबाइल हो चुके हैं चोरी...**अमन के मुताबिक, इससे पहले भी दफ्तर के बाहर खड़े उनके ड्राइवरों के कई मोबाइल फोन चोरी हो चुके हैं। उनका कहना है कि रात के समय ट्रांसपोर्ट इलाके में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग घूमते रहते हैं, जिससे कारोबारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। अमन ने कहा कि ऐसे हालात में कारोबार करना भी मुश्किल होता जा रहा है।

**पुलिस ने CCTV फुटेज कब्जे में ली...**चोरी की सूचना मिलते ही थाना मोती नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने CCTV फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हिडन कैमरे में कैद फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ब्लेसिंग लक्सुरिया में शान से लहराया तिरंगा, जिम्मेदार नागरिक बनने का दिया संदेश






लुधियाना/यूटर्न/17 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिष्ठित व्यावसायिक परियोजना ब्लेसिंग लक्सुरिया के निर्माण स्थल कार्यालय में देशभक्ति से ओतप्रोत समारोह आयोजित किया गया। वेस्टर्न लिविंग प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हिमांशु क्वात्रा सहित कंपनी की पूरी टीम, कर्मचारी और श्रमिक उत्साह के साथ समारोह में शामिल हुए। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सभी ने राष्ट्रगान गाया और देश की एकता, प्रगति तथा समृद्धि के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रमिकों और कर्मचारियों को लड्डू वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां साझा की गई। हिमांशु क्वात्रा ने कहा, ह्लसच्ची देशभक्ति केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है। अपने आसपास स्वच्छता रखना, नियमों का पालन करना, समय पर ईमानदारी से कर चुकाना और समाज के विकास में योगदान देना भी राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि देश का विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझी जिम्मेदारी है। भवन निर्माण एवं संपत्ति क्षेत्र रोजगार, निवेश, आधारभूत ढांचे और आर्थिक विकास को गति देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।क्वात्रा ने कहा, ब्लेसिंग लक्सुरिया केवल एक व्यावसायिक परियोजना नहीं, बल्कि लुधियाना को आधुनिक और विश्वस्तरीय पहचान देने का हमारा सपना है। हमारा उद्देश्य ऐसी परियोजनाएं तैयार करना है, जो शहर के विकास के साथ देश की प्रगति में भी योगदान दें। समारोह के अंत में पूरी टीम ने देश पहले, जिम्मेदारी हमेशा के संदेश के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

# फिक्की फ्लो के 'इस जीवन से परे' सत्र में आत्मचिंतन और उपचार पर चर्चा, महिलाओं ने जाना हीलिंग का रास्ता




लुधियाना/यूटर्न/17 अगस्त। फिक्की फ्लो लुधियाना की ओर से सोमवार को महाराजा रीजेंसी में ह्यइस जीवन से परेह्व विषय पर विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। फिक्की फ्लो लुधियाना की अध्यक्ष ऐशनी सेठी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वक्ता सुरेखा कोठारी ने आत्म-खोज, भावनात्मक उपचार और आंतरिक बदलाव जैसे विषयों पर महिलाओं से संवाद किया। पूरे सत्र का माहौल बेहद ऊजार्वान रहा। महिलाओं ने रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ते तनाव, भावनात्मक दबाव और व्यक्तिगत परेशानियों से बाहर निकलने को लेकर कई सवाल पूछे।

चर्चा के दौरान महिलाओं ने जानना चाहा कि दिन-प्रतिदिन की चिंताओं और तनाव के बीच खुद को कैसे संभाला जाए और मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ होकर जीवन में आगे बढ़ने की दिशा कैसे तय की जाए। सत्र में पिछले जन्म के कर्म और पुनर्जन्म की अवधारणा भी चर्चा के केंद्र में रही। वक्ता ने इन विषयों को आत्मचिंतन और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए प्रतिभागियों के साथ विचार साझा किए। कई महिलाओं ने अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए और आत्मज्ञान तथा आंतरिक जागरूकता को लेकर खुलकर बातचीत की। चर्चा के दौरान महिलाओं में स्वयं को बेहतर समझने, पुराने भावनात्मक बोझ से बाहर निकलने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की उत्सुकता देखने को मिली। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि जीवन में बदलाव की शुरूआत भीतर से होती है। अपने विचारों, भावनाओं और अनुभवों को समझना व्यक्ति को मानसिक शांति और सकारात्मक दिशा की ओर ले जा सकता है। फिक्की फ्लो लुधियाना का यह आयोजन महिलाओं के लिए केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि खुद को समझने, अपने अनुभवों पर विचार करने और जीवन में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी बना।

# पीएसपीसीएल कार्यालय के बाहर सीवर कनेक्शन को लेकर विवाद, पूर्व पार्षद ने उठाए सवाल



जीरकपुर/यूटर्न/17 अगस्त। वार्ड नंबर-30 में पीएसपीसीएल कार्यालय के बाहर कथित तौर पर किए गए सीवर कनेक्शन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व पार्षद नवतेज नवी ने आरोप लगाया कि शिकायत देने के बावजूद नगर परिषद की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं वार्ड नंबर-15 के पार्षद सुनील गुर्जर ने आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि न तो यह उनका वार्ड है और न ही उन्होंने उक्त कार्य करवाया है। नवतेज नवी ने कहा कि कथित अवैध सीवर कनेक्शन की जानकारी मिलते ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड नंबर-15 के आम आदमी पार्टी पार्षद सुनील गुर्जर द्वारा कथित तौर पर फोन कर अपनी टीम को मौके पर भेजा गया और पाइप डालने का काम करवाया गया।

# 12 साल बाद भी नेटवर्क सक्रिय! परवाने निकले, पूछताछ भी हुई- फिर बच कैसे गया बोगस बिलिंग का खेल?

## नरेश गुप्ता के विजिलेंस बयान में सीमा गुप्ता, मनोज गुप्ता, Lucky Trading Company और बैंक खातों का जिक्र

लुधियाना/यूटर्न/17 अगस्त। पंजाब में कथित बोगस बिलिंग नेटवर्क को लेकर करीब 12 साल से शिकायतें और जांच चलने के बावजूद नेटवर्क सक्रिय होने के आरोप सामने आ रहे हैं। पीड़ित कारोबारियों का दावा है कि विजिलेंस, पुलिस और जीएसटी विभाग को फर्मों, संदिग्ध बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और लेन-देन से जुड़े दस्तावेज तक सौंपे गए। आरोपितों को पूछताछ के लिए परवाने भी जारी हुए, लेकिन सवाल अब भी वही है—इतने सबूत और बयान सामने आने के बावजूद नेटवर्क की जड़ तक कार्रवाई क्यों नहीं पहुंची?

### सीमा गुप्ता बोलीं—रिश्तेदार हैं, मामला न्यायालय में

मामले में सीमा गुप्ता ने कहा कि संबंधित लोग आपस में रिश्तेदार हैं। उनका कहना है, 'हम सभी रिश्तेदार हैं। हो सकता है बैंक खाते हमारे पते पर खुले हों, लेकिन मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं कर सकती।







### पुलिस की जांच प्रक्रिया भी सवालों में

सूत्रों का दावा है कि लुधियाना पुलिस की संबंधित कनिष्ठ जांच टीम ने कथित आरोपितों को परवाने तो जारी किए, लेकिन कुछ मौकों पर उन्हें ऐसे समय बुलाया गया जब वरिष्ठ अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे। आरोप यह भी है कि वरिष्ठ अधिकारियों तक जांच की पूरी स्थिति नहीं पहुंचाई गई। कुछ शिकायतकर्ताओं ने टीम पर निजी हित साधने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पुलिस अधिकारियों का पक्ष लिया जाना जरूरी है।

### नरेश गुप्ता के बयान में कई नाम और खाते

मामले में मुकेश स्वीट्स के मालिक नरेश गुप्ता द्वारा 24 अप्रैल 2023 को मोहाली विजिलेंस को दिया गया बयान अहम बताया जा रहा है। बयान में सीमा गुप्ता, मनोज गुप्ता, Lucky Trading Company सहित कुछ अन्य व्यक्तियों, फर्मों और बैंक खातों का उल्लेख है। शिकायतकर्ता ने संबंधित खातों के लेन-देन, केवाईसी दस्तावेज, मोबाइल नंबर और खातों के वास्तविक संचालकों की जांच करने की मांग की थी। बयान में IndusInd Bank की Gill Road शाखा से जुड़े बताए गए कुछ खातों का भी उल्लेख है। शिकायतकर्ताओं का सवाल है कि यदि खातों को लेकर इतना विशिष्ट विवरण जांच एजेंसी के पास था तो बैंक रिकॉर्ड और लाभार्थियों की जांच का नतीजा क्या निकला?

### बैंक की केवाईसी खोल सकती है नेटवर्क की परतें

पूरे मामले की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी अब बैंक खातों की केवाईसी, खाता खोलने के फार्म, फोटो, हस्ताक्षर, मोबाइल नंबर और धन के वास्तविक लाभार्थी माने जा रहे हैं। यदि शिकायतकर्ताओं के आरोप सही साबित होते हैं तो इन्हीं रिकॉर्ड से यह पता चल सकता है कि खाते किसने खुलवाए और उनका संचालन किसने किया। अब बड़ा सवाल यही है— 12 साल में शिकायतें, बयान और परवाने सब हुए, फिर कथित बोगस बिलिंग नेटवर्क पर निर्णायक शिकंजा क्यों नहीं कस सका?

# हनुमान कॉलोनी और शिव कॉलोनी के लोगों को मिलेगी राहत, चेयरमैन रजत मलिक ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

अमरिंदर सिंह

बराड़ा/यूटर्न/17 अगस्त। बराड़ा शहर के वार्ड नंबर 12 में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। लंबे समय से बदहाल पड़ी वार्ड की मुख्य गली के निर्माण कार्य का सोमवार को विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय पाल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

मेन बाजार से जुड़ने वाला है महत्वपूर्ण मार्ग:-वार्ड नंबर 12 की यह मुख्य गली हनुमान कॉलोनी और शिव कॉलोनी को मेन बाजार से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। लंबे समय से गली की हालत खराब होने के कारण स्थानीय लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के दिनों में जलभराव और कीचड़ के कारण स्थिति और भी विकट हो जाती थी।स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से गली के निर्माण की मांग की जा रही थी। इस संबंध में वार्ड पार्षद के माध्यम से नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक के समक्ष समस्या रखी गई थी। चेयरमैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया था।नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि बराड़ा के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। शहर की सड़कों, गलियों और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि बराड़ा के किसी भी वार्ड को विकास कार्यों से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। प्रत्येक वार्ड तक विकास की योजनाएं पहुंचाई जाएंगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।वार्ड नंबर 12 की मुख्य गली का निर्माण शुरू होने से हनुमान कॉलोनी, शिव कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से चली आ रही एक प्रमुख समस्या का अब समाधान शुरू हो गया है।



# आईटी पार्क पुलिस ने चोरी के 10 मोबाइल बरामद किए, आरोपी गिरफ्तार



चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। आईटी पार्क थाना पुलिस ने चोरी के मामले को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान हेमंत (20) निवासी मौली जागरां, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी पेशे से पेंटर है और पांचवीं कक्षा तक पढ़ा है। पुलिस के अनुसार, गांव किशनगढ़ निवासी कृष्ण मिश्रा ने शिकायत दी थी कि 14 अगस्त की शाम करीब 7 बजे उसने अपने दो मोबाइल फोन कमरे में कुर्सी पर रखे थे। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे उठने पर दोनों मोबाइल गायब मिले। शिकायत के आधार पर आईटी पार्क थाने में FIR नंबर 71, दिनांक 15 अगस्त 2026, BNS की धारा 305 के तहत केस दर्ज किया गया।

## दुकानों के आगे लगाए टेंट, मुख्य बाजार में बढ़ी परेशानी



बराड़ा/यूटर्न/17 अगस्त।बराड़ा का मुख्य बाजार इन दिनों दुकानों से ज्यादा सड़क पर तने टेंटों के कारण चर्चा में है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे टेंट लगाकर सार्वजनिक रास्ते तक अपना कब्जा बढ़ा दिया है। नतीजा यह कि राहगीर, वाहन चालक और बाजार में आने वाले लोग परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही।मुख्य बाजार पहले ही वाहनों और लोगों की भारी आवाजाही से व्यस्त रहता है। ऐसे में दुकानों के आगे सड़क तक लगे टेंटों ने रास्ता और संकरा कर दिया है। दोपहिया वाहन, ऑटो और कार चालकों को निकलने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार लोगों को भीड़ और वाहनों के बीच से गुजरना पड़ता है।

**सचिव से बात करनी चाही, लेकिन फोन रहा व्यस्त:-**

इस पूरे मामले को लेकर जब नगरपालिका सचिव मोहित सैनी से फोन पर संपर्क कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उनका फोन लगातार व्यस्त आता रहा। ऐसे में इस संबंध में उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।अब सवाल यह उठता है कि आखिर सार्वजनिक सड़क पर तंबुओं का यह फैलाव किसकी अनुमति से हो रहा है? क्या जिम्मेदार विभाग को यह सब दिखाई नहीं दे रहा, या फिर सब कुछ देखकर भी आंखें मूंद ली गई हैं? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह दुकानदार दुकानों से बाहर निकलकर सड़क तक टेंट लगाते रहे और जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे रहा, तो आने वाले दिनों में बाजार की यातायात व्यवस्था और बिगड़ सकती है।

## आईटी पार्क थाना पुलिस ने 12.68 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी दबोचा, 8 मामले पहले से दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। आईटी पार्क थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12.68 ग्राम हेरोइन के साथ रंजीत कुमार उर्फ भंडारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नई इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक उसके खिलाफ पहले से चोरी, सेंधमारी और नडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में 8 मामले दर्ज हैं।



पुलिस के अनुसार, 15 अगस्त की रात करीब 12:02 बजे एएसआई सुभाष चंद्र पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान आरोपी को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 12.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी बरामद नशीले पदार्थ से संबंधित कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। इसके बाद आईटी पार्क थाने में ऋफ़नंबर 70, दिनांक 15 अगस्त 2026, नडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत केस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इंदिरा कॉलोनी में पुलिस-पब्लिक मीटिंग आयोजित हुई थी। इसमें डीएसपी रामगोपाल, आईटी पार्क थाना प्रभारी, भाजपा पार्षद एवं चंडीगढ़ की डिप्टी मेयर सुमन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में सुमन शर्मा ने क्षेत्र में नशे की समस्या और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने इंदिरा कॉलोनी में कथित तौर पर खुलेआम बिक रहे चिट्टे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस के अनुसार आईटी पार्क थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने में नडीपीएस एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



पेज 12 15 कर्मियों को निकालने पर भड़की भाकियू लखोवाल...

# इंदिरा कॉलोनी में CCTV कैमरों का उद्घाटन, सांसद मनीष तिवारी ने दिए 5 लाख रुपये

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। चंडीगढ़ से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने मनीमाजरा स्थित इंदिरा कॉलोनी में लगाए गए उउळश कैमरों का उद्घाटन किया। कैमरों की स्थापना के लिए उन्होंने अपने सांसद कोटे से 5 लाख रुपये की ग्रांट जारी की थी।




इस अवसर पर सांसद तिवारी ने कहा कि CCTV कैमरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग लंबे समय से कैमरे लगाने की मांग कर रहे थे, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। क्षेत्र की अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जाएंगे। चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच. एस. लक्की ने कहा कि कांग्रेस लोगों की समस्याओं और जरूरतों को समझते हुए उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव एवं युवा कांग्रेस प्रवक्ता साहिल चावड़ ने स्थानीय लोगों की ओर से सांसद तिवारी का आभार जताया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक लुबाना, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लों, धीरज गुप्ता, नेतराम राणा, पंकज ठाकुर, अतिंदर रोबी, अजय पोहाल, सतबीर कांगड़ा, सुरिंदर सिंह और राजबीर सिंह भारतीय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूनार्मेंट में पारवाला बना विजेता, देशराज पोसवाल ने बांटे पुरस्कार

कपिल नागपाल, पंचकूला/यूटर्न/17 अगस्त। बुंगा में जय माला देवी क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में देशराज पोसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए।



टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पारवाला की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 41 हजार का पुरस्कार दिया गया। वहीं, जिला यमुनानगर के गांव तुम्बी की टीम दूसरे स्थान पर रही, जिसे ट्रॉफी और 25 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सरपंच सपटर नखडोली, राजवीर राणा, मोहित लंबरदार, कुलविंद्र राणा, चौधरी जगपाल सिंह, गुरमुख सिंह, पवन बेरवाला, अनी कुमार, नरेंद्र नीटू गुर्जर, करण राणा और प्रिंस रंधावा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राजवीर राणा का जन्मदिन भी मनाया गया।

देशराज पोसवाल ने आयोजन के लिए सुरजीत गुज्जर, हैप्पी गुज्जर, बलविंदर गुज्जर, कुलदीप गुज्जर और परवीन गुज्जर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे और बुरी आदतों से दूर रखकर अनुशासन, भाईचारे और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत करती हैं। खेलेंगे युवा, आगे बढ़ेगा समाज का संदेश देते हुए उन्होंने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बीजेपी का पंजाब समीकरणः मनप्रीत को प्रमोशन, तरुण चुघ को भी नई जिम्मेदारी; अश्वनी पर लगा विराम

चंडीगढ़/यूटर्न/17/अक्टूबर। पंजाब की राजनीति के लिए यह एक अहम खबर है। सोमवार को बीजेपी ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में अपनी नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा की। विधानसभा चुनावों के अहम दौर की तैयारी कर रही पार्टी ने इस टीम में अनुभवी नेताओं, संगठन के पुराने दिग्गजों और युवा नेताओं को अहम पदों पर जगह दी है।



पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया और वरिष्ठ आरएसएस नेता राम माधव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस सूची में कुल 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। वहीं, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय (केंद्रीय कार्यालय) के प्रभारी का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है।

हालांकि, अश्वनी शर्मा गुट फिलहाल पार्टी की पसंद से बाहर होता दिख रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे में लौटी हैं। उनकी नियुक्ति से पार्टी की सबसे प्रमुख प्रचारकों में से एक को संगठन में अहम भूमिका मिली है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को भी राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है।

पार्टी में आठ राष्ट्रीय महासचिव हैं; बीएल संतोष राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बने रहेंगे। शिवप्रकाश और सौदान सिंह को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) नियुक्त किया गया है। नई टीम में बनाए रखे गए महासचिवों में विनोद तावड़े और सुनील बंसल शामिल हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को बीजेपी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीजेपी के श्एक व्यक्ति, एक पदश् के सिद्धांत को देखते हुए, इस कदम से केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनके बने रहने को लेकर सवाल उठ सकते हैं। अनिल बलूनी को पार्टी का मीडिया प्रमुख बनाए रखा गया है। इस फेरबदल से पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में कई नए चेहरे भी शामिल हुए हैं। बीजेपी ने 16 राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए हैं, जिनमें पूर्व आप नेता संदीप पाठक, अनिल एंटनी और रोहन गुप्ता शामिल हैं। इन नियुक्तियों में 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नेताओं को प्रतिनिधित्व मिला है, जबकि संगठन के बढ़े हुए ढांचे में 10 महिलाएं और अल्पसंख्यक समुदायों के छह नेता शामिल हैं।

# पतंगबाजी, तीज मेहंदी और नशा विरोधी अभियान के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स (NHRACF) चंडीगढ़ ने अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी के नेतृत्व में सेक्टर-16 रोज गार्डन में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम में पतंगबाजी प्रतियोगिता, तीज मेहंदी कार्यक्रम और 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील की। इस दौरान लोगों को "Say No to Drugs" संदेश वाले पर्चे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में ठलफ्अउत्र् और द एनवायरमेंट सोसायटी ऑफ इंडिया के सदस्य व अन्य अतिथि मौजूद रहे।

# स्काईलार्क एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव, महिलाओं को बांटे पौधे



चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। स्काईलार्क एसोसिएशन की ओर से इस वर्ष भी तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। एसोसिएशन की ओर से शुरूआत से ही कुछ अलग और बेहतर करने के प्रयास किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित तीज समारोह में महिलाओं ने नृत्य, मनोरंजक खेलों और क्विज प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वादिष्ट स्नैक्स और डिनर का भी आयोजन किया गया, जिसका सभी महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। समारोह में पर्यावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाए रखने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट के रूप में पौधे वितरित किए गए। एसोसिएशन की यह अनूठी और पर्यावरण-अनुकूल पहल समारोह का विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम में एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीता शर्मा के साथ कुसुम घोष, एडवोकेट सोनिका कौशिक, गुड्डी सनावर, पल्लवी शर्मा, नंदिनी शर्मा, एडवोकेट कुलविंदर कौर, अंजना शर्मा, रिया शर्मा, लवदीप कौर, शकुंतला, रीना घोष, अंजलि शर्मा और अमन सहगल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# हरियाली तीज पर बाबा श्याम का कीर्तन करवाना अत्यंत सौभाग्य और आनंद का विषय-प्रदीप मित्तल

## झूला झूल रहे पिया प्यारी तीज हरियाली आई हैर पर झूमे भक्तजन





चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। रोड कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल, एल.आर.मित्तल, व अनिल मित्तल की अध्यक्षता में हरियाली तीज पर और साप्ताहिक श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया।हरियाली तीज पर राधा लाडली नेहा शर्मा हनुमानगढ़ और साप्ताहिक सत्संग में नवीन दीवाना अंबाला,नजर साब मंडी गोविंदगढ़ वालों द्वारा श्याम बाबा का गुणगान किया गया।

सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित तारानाथ ,पंडित करण शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा का गुणगान किया।मुख्य यजमान ट्रस्ट के सभी सदस्यों द्वारा श्याम बाबा का पूजन कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।संकीर्तन में बाबा का अलौकिक श्रृंगार ट्रस्टी परमानंद परिवार,इन्द्रपाल मेहता,राजन कुमार,राजेश शर्मा,अंजु शर्मा परिवार द्वारा किया गया।राधा लाडली नेहा शर्मा ने

झूला झूल रहे पिया प्यारी तीज हरियाली आई हैर समेत खाटू श्याम के कई भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को भक्तिरस में डूबो दिया और पूरा माहौल खाटूमय प्रतीत होने लगा।संकीर्तन में बाबा ने अपनी अदभुत छटा भक्तो पर बिखेरी।संकीर्तन उपरांत बाबा श्याम की आरती की गई इस मौके ट्रस्टी प्रदीप मित्तल ने कहा कि हरियाली तीज पर बाबा श्याम का कीर्तन करवाना अत्यंत सौभाग्य और आनंद का विषय है। सावन के इस हरे-भरे माहौल में जब लखदातार श्याम बाबा का संकीर्तन होता है, तो पूरा माहौल भक्ति के रंग में सराबोर हो जाता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**सोना खरीदते समय Hallmark और HUID क्यों जांचना चाहिए?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

सोना खरीदना हमारे देश में आम बात है। लेकिन Jewellery खरीदते समय केवल उसका Design और कीमत देखना पर्याप्त नहीं है। ग्राहक के लिए Hallmark और HUID की जानकारी भी बहुत जरूरी है।

Hallmark यह बताता है कि Jewellery में इस्तेमाल किया गया सोना तय शुद्धता (Purity) के मानकों के अनुसार है। आज Hallmarked Gold Jewellery पर HUID (Hallmark Unique Identification) भी महत्वपूर्ण है। HUID EIY Unique Code होता है, जिससे उस Jewellery की पहचान और Hallmarking की जानकारी जांची जा सकती है।

सोना खरीदते समय ग्राहक को Jewellery पर Hallmark और HUID देखकर ही खरीदारी करनी चाहिए। दुकानदार से Bill जरूर लें और Bill में Jewellery की शुद्धता, वजन और अन्य जरूरी विवरण स्पष्ट रूप से दर्ज होने चाहिए। एक और महत्वपूर्ण बात है— Making Charges. Jewellery की कीमत केवल सोने के वजन और उस दिन के Gold Rate से तय नहीं होती। Making Charges और अन्य लागू शुल्क भी हो सकते हैं। इसलिए खरीदने से पहले पूछें कि कुल कीमत किस आधार पर तय की गई है। यदि बाद में Jewellery की शुद्धता को लेकर संदेह हो, तो उसे अधिकृत जांच केंद्र पर जांच करवाया जा सकता है। यदि Jewellery में बताई गई शुद्धता से कम सोना पाया जाता है, तो ग्राहक उपलब्ध कानूनी उपायों का इस्तेमाल कर सकता है।

ग्राहक को केवल दुकानदार की बात पर भरोसा करने के बजाय Jewellery का Hallmark, HUID, वजन, Purity और Bill स्वयं जांचना चाहिए।

निष्कर्ष : सोना खरीदते समय केवल कीमत और Design न देखें। Hallmark, HUID, Purity, वजन और Bill की जांच जरूर करें। कुछ मिनट की सावधानी भविष्य में होने वाले बड़े आर्थिक नुकसान से बचा सकती है।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### ऐसा क्या हुआ कि आज की पीढ़ी को मनोचिकित्सक की जरूरत पड़ रही है?

आज की पीढ़ी पहले की अपेक्षा अधिक सुविधाओं और अवसरों के बीच बड़ी हो रही है, फिर भी मानसिक तनाव और चिंता की समस्याएँ बढ़ती दिखाई देती हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ? इसका एक बड़ा कारण तेजी से बदलती जीवनशैली है। पढ़ाई, प्रतियोगिता, करियर और भविष्य को लेकर बच्चों पर लगातार दबाव रहता है। सोशल मीडिया ने भी इस दबाव को बढ़ाया है। दूसरों की उपलब्धियों और दिखावटी खुशियों से तुलना करने के कारण कई युवा स्वयं को कमतर समझने लगते हैं। संयुक्त परिवारों का कम होना भी एक कारण है। पहले बच्चे अपनी परेशानियाँ परिवार के कई सदस्यों से साझा कर लेते थे, जबकि आज कई बच्चे अकेलेपन का अनुभव करते हैं। माता-पिता के व्यस्त जीवन के कारण उन्हें पर्याप्त समय और भावनात्मक सहारा नहीं मिल पाता। हालाँकि मनोचिकित्सक की मदद लेना कमजोरी नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संकेत है। जिस प्रकार शरीर के बीमार होने पर डॉक्टर की जरूरत होती है, उसी प्रकार मन परेशान होने पर विशेषज्ञ की सहायता लेना भी उचित है। हमें बच्चों और युवाओं को केवल सफल बनने का नहीं, बल्कि खुश और संतुलित जीवन जीने का भी अवसर देना चाहिए। परिवार में संवाद, समझ और अपनापन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# सरपंच ममता रानी की अगुवाई में हरियाली तीज के रंग में रंगा हरीपुर हिंदुआ, महिलाओं ने उत्साह से मनाया पारंपरिक पर्व



डेराबस्सी/यूटर्न/17 अगस्त। ग्राम पंचायत हरीपुर हिंदुआ की सरपंच श्रीमती ममता रानी की अगुवाई में हरियाली तीज का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए तीज की खुशियां साझा कीं और पारंपरिक संस्कृति व लोक परंपराओं को जीवंत किया।

तीज समारोह के दौरान गांव का माहौल पूरी तरह उत्सवमय नजर आया। महिलाओं ने पारंपरिक तीज पर्व का आनंद लेते हुए पंजाब की समृद्ध संस्कृति और विरासत से जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी ने समारोह की रौनक को और बढ़ा दिया।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती ममता रानी ने कार्यक्रम में शामिल होने वाली गांव की सभी महिलाओं का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीज जैसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी पुरानी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और मिलजुलकर खुशियां मनाने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में भी अपनी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और विरासत से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# एकम न्यास की महिला कार्यकारिणी ने मनाया तीज उत्सव





जगदीप सिंह

अम्बाला शहर/यूटर्न/17 अगस्त। एकम न्यास की महिला कार्यकारिणी द्वारा हरियाली तीज के पावन अवसर पर तीज उत्सव हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिला कार्यकारिणी की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महिलाओं ने तीज से जुड़ी पारंपरिक गतिविधियों, गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत रखते हुए महिलाओं को आपसी मेल-जोल और उत्सव के माध्यम से जोड़ना रहा। एकम न्यास की महिला प्रधान पूनम जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि तीज भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो महिलाओं के जीवन में उमंग, उत्साह और सौहार्द का संदेश लेकर आता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में सभी महिला सदस्यों ने मिलकर तीज पर्व की खुशियां साझा कीं और समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सद्भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर पूनम जिंदल,मिली बग्गा,श्वेता गोयल,रजनी शर्मा,मेघा आनंद, रितु अग्रवाल,पूनम मल्होत्रा,अनुराधा राजपूत,नीरू बाला,सरिता गर्ग,अनु गर्ग,मीनू बंसल,कोमल मेहता,कोमल सिंगला,राशि अग्रवाल,अंजली चानना, नेहा जिंदल,दीपिका धीमान,गीता व सदस्य मौजूद रहे।

# कोल्ड ड्रिंक, नमकीन, बिस्कुट और चिप्स के पैकेट पर बताने होंगे कंटेंट


## सर्वोच्च न्यायालय ने कहा सरकार असमर्थ तो हम करेंगे फैसला

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 14 अगस्तः देश भर में कई वर्षों से फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नाक तले ऐसी चीजों की बिक्री की जा रही थी जिन में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थो का जिक्र उसके लेवल पर नहीं किया जा रहा था जाहिर था विदेशी कंपनियों की दबाव तले उन सभी चीजों को मान्यता दी जा रही थी जिसके दिशा निर्देश मल्टीनेशनल कंपनियों के तरफ से आते थे परंतु पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने जनहित में फैसला देते हुए कहा कि फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया नमकीन बिस्कुट और चिप्स के पैकेट पर ज्यादा चीनी-नमक और फैट की चेतावनी देने वाले वॉर्निंग लेबल लगाने पर अगर सरकार फैसला नहीं ले पा रही है तो हम आदेश जारी करेंगे।

केंद्र सरकार को जारी निर्देशों में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा किऱ पहले भी आपको सख्त न्यूट्रिशन वॉर्निंग को लेकर निर्देश दिए थे फिर आनाकानी क्यों। हमने जो कहा है, आपको करना चाहिए, क्या आप पर कॉपोरेट घरानों का दबाव है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम जनता के हित में काम कर रहे हैं, अपने लिए नहीं। आपने अब तक क्या किया। 6 महीने पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और FSSAI से कहा था कि पैकेज्ड फूड पर वॉर्निंग लेबल लगाने पर विचार किया जाए। उक्त मामला एक पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन याचिका पर सामने आया।



### लोगों ने किया स्वागत

सर्वोच्च न्यायालय के खाद्य वस्तुओं पर दिए गए सुझाव और देश के बाद लोगों ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे सभी को यह है स्पष्ट हो जाएगा की कौन सी वस्तु सेहत के लिए अनुकूल है और कौन सी हानिकारक उन्होंने कहा जब लोग पैसा देकर खाद्य वस्तु खरीद रहे हैं तो यह उनका हक है कि वह जान सके कि खाद्य उत्पादों में क्या है और उसकी कितनी मात्रा है।

### एफएसएसएआई करती रही फूड इंडस्ट्री का बचाव

मुक्त मामले में सुनवाई के दौरान ऋरअकने कोर्ट में कहा कि फूड इंडस्ट्री पैकेट के सामने वाले भाग पर वॉर्निंग लेबल लगाने के खिलाफ है। इसके विकल्प के रूप में ऋरअकने एक न्यूट्रिशन टेबल में एडेड शुगर, सैचुरेटेड फैट और दिन में कितना नमक लेना चाहिए यह दशार्ने का सुझाव दिया है।कंपनियों का मानना है कि पैकेट के आगे लाल चेतावनी वाले निशान से उनके व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने सरकार की ओर से तर्क दिया कि पारंपरिक भारतीय खाद्य पदार्थों जैसे- नमकीन, भुजिया और स्नैक्स में स्वाभाविक रूप से नमक और वसा (फैट) का स्तर अधिक होता है। यदि विकसित देशों के मानक लागू किए गए तो कई पारंपरिक भारतीय खाद्य पदार्थों पर 'रेड वॉर्निंग मार्क' लग जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया- 'क्या भारत को हमेशा एक अविकसित देश ही बने रहना चाहिए?' कोर्ट ने पूछा कि क्या सरकार अपने नागरिकों और बच्चों का स्वास्थ्य सुनिश्चित नहीं करना चाहती? बेंच ने कहा कि निमार्ता इसे पसंद न करें, लेकिन उपभोक्ता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि वह क्या खा रहा है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि इन निदेर्शों का उद्देश्य खाद्य वस्तुओं की बिक्री को रोकना नहीं बल्कि लोगों को जागरूक करना है ताकि लोग यह निर्णय कर सकें कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या उसके हित में है

### लोगो की सेहत से समझौता नहीं

इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्र और ऋरअकसे फ्रंट-ऑफ-पैक (पैकेट के सामने) वार्निंग लेबल लागू करने में देरी पर सवाल उठाए हैं और जोर दिया है कि पब्लिक हेल्थ - खासकर बच्चों की सेहत - से समझौता नहीं किया जा सकता। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और के. विनोद चंद्रन की बेंच ने सरकार से बेहतर न्यूट्रिशनल वार्निंग लागू करने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में बताने को कहा और सवाल किया था कि क्या कंज्यूमर की सेहत से जुड़ी बातों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री के आगमन पर खाने की मौके पर नहीं होती जांच, वीआईपीज की सेहत को खतरा!

## फूड सेफ्टी वेन को भी नहीं लगाया जाता मौके पर

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 16 अगस्तः पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य विभाग की लापरवाहियां वीआईपी लोगों की जान को खतरा बढ़ा रही है जैसे ही कोई वीआईपी शहर में आता है तो उसके खाने की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के फूड विंग के अधिकारी मौके पर उपलब्ध होते हैं फिजिकल जांच के तौर पर वीआईपी को खाना परोसने से कुछ देर पहले फूड सेफ्टी अफसर सरकार के निर्धारित निर्देशों पर स्वयं खाना चख कर देखते हैं इसके अलावा मौके पर बने खाने के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लैब में भेज दिया जाता है जबकि मौके पर किसी प्रकार की जांच नहीं की जाती ताकि खाद्य वस्तुओं में किसी दुषित, जहरीली या घातक वस्तु का पता लगाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के पास कैसे उपकरण नहीं है जो मौके पर खाद्य वस्तुओं के जांच कर सके जिस फूड सेफ्टी वैन को मौके पर टेस्टिंग के लिए भेजा जाता है जो लोगों द्वारा ले गए फूड सैंपल की जांच रिपोर्ट 15 से 30 मिनट में दे देती है उसे भी वीआईपी ड्यूटी के दौरान नहीं किया जाता इसके बारे में पूछने पर एक फूड सेफ्टी अफसर ने कहा कि वह आम लोगों के लिए है परंतु क्या इसके टेस्ट मान्य नहीं है जो वीआईपी की जांच कर सके तो उनसे कोई उत्तर देते नहीं बन पड़ा।



### उच्च अधिकारियों को आज तक नहीं लिखा पत्र

स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यमंत्री सहित वीआईपी की सुरक्षा को लेकर उच्च अधिकारियों को आज तक पत्र नहीं लिखा कि उन्हें ऐसे उपकरण उपलब्ध कराए जाएं जो मौके पर फूड सैंपल की रिपोर्ट दे दें इसके अलावा फूड सेफ्टी वैन को भी इस्तेमाल में नहीं लाया जाता जबकि उसे मौके पर जांच कर रिपोर्ट देने में सक्षम बताया जाता है । फिजिकल सैंपल के तौर पर सिर्फ फूड सेफ्टी अफसर को खाना खिलाना उचित नहीं ।

### स्वास्थ्य विभाग करता है खानापूरी

शहर में वीआईपीज मूवमेंट के समय स्वास्थ्य विभाग खाना पूरी करता अधिक दिखाई देता है जिसके तहत डॉक्टरों की तैनाती एंबुलेंस की व्यवस्था तथा अधिकारियों की ड्युटिया लगाई जाती हैं परंतु वीआईपीज के खाने पीने की व्यवस्था करते समय फूड आइटम्स की मौके पर जांच नहीं की जाती। एक स्वस्थ अधिकारी का कहना है कि हम सिर्फ उतना ही कर सकते हैं जितना विभाग हमें कहता है यह उपकरण व सुविधा आदि उपलब्ध कराता है इससे ज्यादा वह अपने स्तर पर क्या कर सकते हैं बाली के बकरे की तरह फूड सेफ्टी अफसर स्वयं खाना खाकर उसकी जांच करते हैं।

## घूमर मंडी के मोबाइल शोरूम से 35 लाख के मोबाइल साफ, CCTV में कैद हुई वारदात



लुधियाना/यूटर्न/17 अगस्त। शहर की पॉश और व्यस्त घूमर मंडी में चोरों ने सुबह-सुबह बड़ा हाथ मार दिया। ह्यक्लासिक गिफ्ट मोबाइलह्न शोरूम का शटर तोड़कर चोर करीब 35 लाख रुपये के मोबाइल फोन और 15 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी में पांच संदिग्ध शोरूम के बाहर नजर आते हैं। कुछ देर रेकी करने के बाद एक चोर रॉड से शटर तोड़ता है और अंदर दाखिल हो जाता है। इसके बाद मोबाइल फोन समेटकर सभी मौके से फरार हो जाते हैं।

चोर करीब 120 मोबाइल फोन ले गए। इनकी कीमत 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक बताई जा रही है। वारदात सुबह करीब 5 बजे की है। शोरूम मालिक योगेश खोसला को करीब 11 बजे चोरी का पता चला। दुकान खोलते ही टूटा शटर और खाली स्टॉक देखकर उनके होश उड़ गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के साथ आसपास के कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाल रही है। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल है— सुबह-सुबह इतनी बड़ी चोरी को अंजाम देने वाले ये पांच लोग आखिर कौन हैं और शहर में कहां से आए थे? फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## आईएमए लुधियाना ने समाज सेवा के संदेश के साथ मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस



अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 17 अगस्त : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), लुधियाना ने आईएमए हाउस, बीआरएस नगर, लुधियाना में भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया। समारोह में चिकित्सा जगत की एकता, युवा सशक्तिकरण और समाज सेवा का संदेश दिया गया। शहर के वरिष्ठ मनोचिकित्सक एवं दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आर.एल. नारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह में प्रमुख रूप से डॉ. मनोज सोबती, संरक्षक, आईएमए लुधियाना; डॉ. पवन ढींगरा, अध्यक्ष; डॉ. आशीष ओहरी, मानद सचिव; डॉ. पंकज मित्तल, वित्त सचिव; डॉ. दविंदरजीत वालिया एवं डॉ. नरजीत कौर, उपाध्यक्ष; डॉ. अवतार सिंह खराय, अध्यक्ष-निर्वाचित; डॉ. करमवीर गोयल, सदस्य, पंजाब मेडिकल तथा डॉ. धीरज अग्रवाल, तत्काल पूर्व अध्यक्ष, आईएमए लुधियाना उपस्थित रहे। वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. अरुण गुप्ता, डॉ. अविनाश जिंदल और डॉ. पी.एस. जस्सल समारोह में शामिल हुए। बड़ी संख्या में आईएमए सदस्य अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे।सभा को संबोधित करते हुए डॉ. मनोज सोबती ने आईएमए के बैनर तले चिकित्सकों की निरंतर एकता और आपसी सहयोग पर जोर दिया।डॉ. पवन ढींगरा ने समारोह की थीम ह्युवा शक्तिह्न पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नवाचार और सामाजिक प्रगति की महत्वपूर्ण शक्ति बताया। मुख्य अतिथि डॉ. आर.एल. नारंग ने आईएमए की चिकित्सा समुदाय और आम जनता के प्रति दोहरी जिम्मेदारी पर जोर दिया।

# धनास की कच्ची कॉलोनी में बदहाल सड़कें, विकास को लेकर लोगों में रोष




अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। धनास की कच्ची कॉलोनी में बदहाल सड़कों के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह टूटी और कच्ची सड़कें होने से लोगों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के दौरान हालात और खराब हो जाते हैं और रास्तों पर कीचड़ व पानी जमा हो जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने विकास की उम्मीद में भाजपा को समर्थन दिया था। उन्हें उम्मीद थी कि कॉलोनी की बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा, लेकिन लंबे समय से सड़क व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। लोगों ने प्रशासन और नगर निगम से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने और क्षेत्र में जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के अल्पसंख्यक विंग के अध्यक्ष शादाब राठी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के शासन में धनास की कच्ची कॉलोनी के साथ कथित तौर पर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'जब क्षेत्र में भाजपा का पार्षद है और शहर का मेयर भी भाजपा का है, तो फिर धनास की कच्ची कॉलोनी में विकास क्यों नहीं हो रहा?'

उन्होंने कहा कि लोगों से किए गए विकास के वादों को अब जमीन पर उतारने की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने भी जल्द सड़क निर्माण और जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की है।

# देवक सोनी बने AAP चंडीगढ़ यूथ विंग के कार्यकारी प्रधान, सैकड़ों युवाओं की मौजूदगी में नियुक्ति



चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ की ओर से युवा नेता देवक सोनी को पार्टी के यूथ विंग का कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया गया। नियुक्ति के दौरान सैकड़ों युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ प्रभारी जरनैल सिंह और पार्टी की प्रदेश लीडरशिप मौजूद रही। पार्टी के चंडीगढ़ अध्यक्ष विजय पाल सिंह, नेता प्रतिपक्ष हरदीप सिंह, जनरल सेक्रेटरी सनी औलख, चीफ स्पोक्सपर्सन एवं पार्षद योगेश ढींगरा, माइनॉरिटी विंग अध्यक्ष शादाब राठी और ऑब्जर्वर विनीत वर्मा सहित वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने देवक सोनी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह अपनी ऊर्जा और मेहनत से यूथ विंग को मजबूत करेंगे तथा अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ेंगे।

इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि यूथ विंग की जिम्मेदारी केवल संगठनात्मक पद नहीं, बल्कि चंडीगढ़ के युवाओं की उम्मीदों और विश्वास से जुड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने देवक सोनी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# पीडब्ल्यूडी कार्यालय में मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ का औचक निरीक्षण

## विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं, समयसीमा में पूरा करने के सख्त निर्देश



आर. के. उप्पल
अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। पंजाब के लोक निर्माण एवं बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने सोमवार को अमृतसर स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

**अधिकारियों को मौके पर जाकर निगरानी के निर्देश...**कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालय में बैठकर कार्यों की समीक्षा न करें, बल्कि नियमित रूप से निर्माण स्थलों का दौरा कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जांच करें।

**लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई...**हरभजन सिंह ईटीओ ने स्पष्ट किया कि यदि कोई ठेकेदार निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी विकास पर जोर...**मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को बेहतर बुनियादी ढांचा और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

# सेक्टर-32 में तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस ने वैगनआर को मारी टक्कर, एक घायल; चालक पर केस दर्ज



अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। सेक्टर-32 में सोमवार सुबह तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस ने एक वैगनआर कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। हादसे में वैगनआर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सेक्टर-32 अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा बस की तेज रफ्तार के कारण हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैगनआर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही सेक्टर-31 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस ने हरियाणा रोडवेज बस चालक रविंदर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसे की परिस्थितियों और चालक की भूमिका की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अंबाला छावनी की सबसे बड़ी समस्या अनिल विज, इनेलो विधायक बनाओः अभय चौटाला

## 2029 में सरकार बनी तो 140 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से फ्रीहोल्ड करने का दावा



जगदीप सिंह
अंबाला/यूटर्न/17 अगस्त। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने अंबाला छावनी में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी की सबसे बड़ी समस्या यहां के विधायक अनिल विज हैं। यदि जनता इस समस्या का इलाज कर इनेलो का विधायक बनाती है तो क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।



अभय चौटाला ने दावा किया कि 2029 में इनेलो की सरकार बनने पर पूरे अंबाला छावनी क्षेत्र को 140 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से फ्रीहोल्ड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की सरकार ने वर्ष 2000 में 13 कॉलोनियों के साथ रेलवे रोड और राय मार्केट को इसी दर पर फ्रीहोल्ड किया था। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह ऑडिटोरियम की जमीन सिख समाज को वापस देने और डेयरियों को करधान व ब्राह्मण माजरा में शिफ्ट करने की पुरानी योजना को दोबारा लागू करने का भी वादा किया। प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और प्रवक्ता ओंकार सिंह ने सड़क, सीवरेज, जलभराव, पार्किंग व रोजगार के मुद्दे उठाते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

# 15 साल पुराने वाहनों पर बड़ा सवाल: RC Renewal, जुर्माना Scrapping?

## एस एस जैन स्थानक सिविल लाइंस में चौमुखी जाप जारी

आर. के. उप्पल.

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। पंजाब में 15 वर्ष पुराने दोपहिया और चारपहिया निजी वाहनों की RC Renewal, पंजीकरण अवधि समाप्त होने, जुर्माने तथा Scrapping को लेकर बनी असमंजस की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए Human Right Protection Council के चेयरमैन परवीन सहगल ने पंजाब परिवहन विभाग एवं संबंधित RTO से RTI के माध्यम से आधिकारिक जानकारी मांगने की बात कही है।

परवीन सहगल ने बताया कि RTI के जरिए 15 वर्ष की अवधि पूरी कर चुके निजी वाहनों पर लागू वर्तमान कानून, नियम, अधिसूचनाओं और सरकारी



आदेशों की प्रमाणित प्रतियां मांगी जाएंगी। साथ ही यह स्पष्ट करने को कहा जाएगा कि 15 वर्ष पूरे होने के बाद वाहन की RC स्वतः समाप्त मानी जाती है अथवा निर्धारित शर्तों के तहत उसका Renewal या Extension कराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि RTI में RC Renewal की पूरी प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, निर्धारित फीस, Green Tax, Penalty/Delay Fee तथा अन्य देय राशि के कानूनी आधार की जानकारी भी मांगी जाएगी। यदि Renewal के लिए वाहन की Fitness अथवा Inspection अनिवार्य है तो उसकी प्रक्रिया, फीस और संबंधित नियमों की प्रमाणित जानकारी भी प्राप्त की जाएगी।

सहगल ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और कम आय वाले वाहन मालिकों के लिए फीस में किसी प्रकार की छूट, रियायत या विशेष प्रावधान है या नहीं, यह भी स्पष्ट किया जाना जरूरी है।

इसके अलावा 15 वर्ष पुराने वाहनों को End-of-Life Vehicle (ELV) घोषित कर Registered Vehicle Scrapping Facility (RVSF) के माध्यम से Scrapping करने संबंधी नियमों और अधिसूचनाओं की प्रमाणित प्रतियां भी मांगी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि RTI का उद्देश्य वाहन मालिकों में व्याप्त भ्रम दूर करना और यह स्पष्ट कराना है कि 15 वर्ष बाद Renewal, शुल्क, जुर्माना अथवा Scrapping की कार्रवाई किस कानून या अधिसूचना के तहत की जाती है।

# कैदियों के लिए बेहतर इलाज की ओर पंजाब सरकार का बड़ा कदम

## जीएनडीएच में 30 बिस्तरों वाले कैदियों के वार्ड का जेल मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने किया उद्घाटन

आर. के. उप्पल.

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। 17 अगस्त। पंजाब के जेल मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने सोमवार को गुरु नानक देव मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अमृतसर में पंजाब सरकार द्वारा तैयार किए गए 30 बिस्तरों वाले कैदियों के वार्ड का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद कैदियों और हवालातियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुचारू स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि



कैदी और हवालाती भी समाज का हिस्सा हैं तथा जरूरत के अनुसार उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। नए वार्ड में आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के साथ उपचार के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया जाएगा। ल मंत्री ने नवनिर्मित वार्ड का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को उपचार की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**केंद्रीय जेल का भी किया निरीक्षण...**इसके बाद डॉ. रवजोत सिंह ने केंद्रीय जेल अमृतसर का दौरा कर जेल प्रबंधों और कैदियों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कैदियों और हवालातियों से बातचीत कर भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं संबंधी फीडबैक लिया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के साथ कैदियों की जायज आवश्यकताओं का नियमों के अनुसार समाधान किया जाए।

# आरपीएफ की तत्परता से यात्रियों को मिली राहत, 6.31 लाख का खोया सामान लौटाया

## रेलवे का ऑपरेशन अमानत कामयाब

आर. के. उप्पल.

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। फिरोजपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जुलाई 2026 के दौरान यात्रियों की सहायता और सुरक्षा के लिए चलाए गए ह्यऑपरेशन अमानतह्न के तहत सराहनीय कार्य किया।

आरपीएफ ने 49 मामलों में यात्रियों का खोया हुआ सामान बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुरक्षित वापस लौटाया। बरामद सामान की कुल अनुमानित कीमत 6,31,154 उक्त सामान में लैपटॉप, मोबाइल फोन, बैग, पर्स सहित अन्य



महत्वपूर्ण वस्तुएं शामिल थीं। आरपीएफ की सतर्क निगरानी, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी समन्वय के चलते खोया सामान खोजकर यात्रियों तक पहुंचाया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित एवं भरोसेमंद यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता अभियानों को लगातार संचालित किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुबल ऋषि पाण्डेय ने कहा कि आरपीएफ यात्रियों को सुरक्षित, संरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सहायता से जुड़े ऐसे अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# गुरुद्वारा की गोलक तोड़कर ₹29 हजार की चोरी

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। पुलिस जंडियाला थाने में गुरुद्वारा बाबा जीवन सिंह में 13 अगस्त 2026 को गोलक तोड़कर करीब ₹29,000 की नकदी चोरी करने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति गोलक तोड़कर पैसे लेकर फरार हो गया था। जांच के दौरान ने कि सरबजीत सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी माखनविंडी ने गोलक से पैसे चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार करके थाना जंडियाला में धारा 305 और 331(4) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# घर पर हमला, फायरिंग और हथियारों से धमकाने का मामला

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। गत 13 अगस्त की शाम एक परिवार लोपोके से अपने रिश्तेदार के घर गया था। इसी दौरान घर के बाहर शोर सुनाई दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार बाहर मौजूद कुछ आरोपियों ने बूटा सिंह पर हमला कर दिया। उसे छुड़ाने के लिए जब उसके पिता आगे आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि कत्ता पुत्र बागी निवासी चविंडा कलां ने देसी पिस्टल से लगातार दो फायर करने का प्रयास किया, जबकि शिकायतकर्ता ने नीचे होकर अपनी जान बचाई। इसके बाद आरोपी अपने-अपने हथियारों के साथ गाली-गलौज और धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल को इलाज के लिए उल्ठ लोपोके में भर्ती करवाया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जाँच शुरू कर दी गई है!

# जंडियाला बाईपास पर दो युवकों से पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। थाना जंडियाला पुलिस ने गश्त के दौरान जंडियाला बाईपास टी-प्वाइंट तरनतारन रोड पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दो युवकों को काबू किया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक वोक्सवैगन कार PB-65-BK-7121 में सवार दोनों युवकों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक .32 बोर पिस्तौल, मैगजीन और दो जिंदा राउंड बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजूब सिंह पुत्र दिलबाग सिंह और नवजोत सिंह पुत्र सतनाम सिंह, दोनों निवासी कड़ गिल, थाना सदर तरनतारन, जिला तरनतारन के रूप में दर्ज है। पुलिस द्वारा aropio के खिलाफ Arms Act की धाराओं 25-54-59 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई गई है!

# 6 पिस्तौल और 10 मैगजीन सहित 2 काबू

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त। थाना घरिंडा क्षेत्र में पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के दौरान बड़ी हथियार बरामदगी का दावा किया है। पुलिस प्रदत्त सूचना के पुलिस पार्टी द्वारा अनुसार उक्छ स्टाफ के साथ जीटी रोड अटारी के पास गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में नाका लगाकर जांच कर रही थी, कि इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कैप्टनप्रीत सिंह उर्फ संधू पुत्र हरपाल सिंह और अरशदीप सिंह पुत्र बंगीचा सिंह, निवासी पिंड भकना, कथित तौर पर पाकिस्तान से हथियार और गोला-बारूद लाकर क्षेत्र में सप्लाई करते हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर पिंड रामपुरा से अमृतसर की ओर किसी को हथियार देने के लिए आ रहे थे। पुलिस द्वारा आरोपिओ को काबू कर तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 6 पिस्तौल .30 बोर, 10 मैगजीन और एक काले रंग की Hero Honda Splendor मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस द्वारा आरोपिओ पर मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी गई है!

# एसआईआर में वोटों की कमी पर कांग्रेस चिंतित, निगम चुनाव की तैयारियां तेज



चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को राजीव गांधी भवन, सेक्टर-35 में एआईसीसी प्रभारी रजनी पाटिल की मौजूदगी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सांसद मनीष तिवारी, पांचों जिला अध्यक्षों और सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। आगामी दिसंबर में प्रस्तावित नगर निगम चुनावों की तैयारियों के साथ एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि एसआईआर और प्री-एसआईआर प्रक्रिया के बाद चंडीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 6.59 लाख से घटकर लगभग 3.02 लाख रह गई है, जबकि करीब 1.25 लाख लोगों को नोटिस जारी हुए हैं। पार्टी ने इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा कि किसी भी पात्र नागरिक को मताधिकार से वंचित नहीं होने दिया जाएगा।

जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए गए कि वे बीएलए के माध्यम से बीएलओ के साथ समन्वय कर नोटिस प्राप्त मतदाताओं को जवाब देने और जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने में मदद करें।

नए पात्र मतदाताओं के वोट बनवाने का अभियान भी चलाया जाएगा। रजनी पाटिल ने कार्यकर्ताओं से निगम चुनाव के लिए बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। एच.एस. लक्की ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके अधिकांश मेयर रहने के बावजूद शहर की नागरिक सुविधाएं बदहाल हैं। सांसद मनीष तिवारी ने हर मतदाता की सहायता को प्राथमिकता बताते हुए एसआईआर सहायता कैंप लगाने के निर्देश दिए। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य हर पात्र नागरिक का वोट सुनिश्चित करना है।

# चंडीगढ़ में 3 युवकों पर चाकू से हमला, एक के पेट में चाकू घोंपकर घुमाया; दूसरे पर किए 12 वार

## हालत गंभीर देख जख्मी युवकों को किया पीजीआई रेफर

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। धनास में रविवार देर रात पार्क में बैठे तीन युवकों पर कुछ बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में लक्की (19) और अरुण (22) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कुलदीप (25) को कम चोटें आई हैं। गंभीर घायलों को सेक्टर-16 अस्पताल से पीजीआई रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक धनास में एक पार्क में बैठे थे। इसी दौरान 3-4 युवक वहां पहुंचे और तीनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लक्की के पेट में चाकू घोंपकर उसे घुमा दिया। वहीं अरुण की छाती और पीठ पर करीब 12 बार चाकू से वार किए गए। हमला होते ही तीनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें घेर लिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद सारंगपुर



थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस हमले के कारणों का भी पता लगाने में जुटी है।

**लक्की के भाई ने लगाए गंभीर आरोप...** लक्की के भाई रोहित के अनुसार, रात करीब साढ़े 11 बजे लक्की घर के सामने पार्क में बैठा था। पार्क के ऊपरी हिस्से में कुछ लोग हुक्का पी रहे थे। इसी दौरान तीन-चार युवक वहां पहुंचे और लक्की के साथ मारपीट शुरू कर दी। रोहित ने आरोप लगाया कि हमलावरों में सरजू, बिट्टू, धर्मेंद्र और जादू शामिल थे और लक्की पर पीछे से चाकू से वार किया गया।

घायल लक्की को पहले सेक्टर-16 अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सुबह करीब 6 बजे पीजीआई रेफर कर दिया गया। रोहित का आरोप है कि लक्की पर पहले भी हमला हो चुका है।

# 'कमलम' में भाजपा ने मनाया हरियाली तीज, महिलाओं ने गीत-संगीत और झूलों का उठाया आनंद

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अगस्त। सेक्टर-33 स्थित भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय 'कमलम' में सोमवार को हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें शहर के विभिन्न सेक्टरों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी की




चेयरपर्सन सुखी बराड़ मुख्य अतिथि और पंजाब भाजपा की उपाध्यक्ष जैस्मिन संधावालिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

# जब मीम ही मैसेज बन गया, तो BJP ने मैसेज देने वाले को ही बदल दिया

**BJP** ने अपना डिजिटल वॉर रूम चलाने वाले व्यक्ति को बदल दिया है। पार्टी के सोशल-मीडिया सिस्टम के सबसे जाने-माने और आक्रामक चेहरों में से एक, अमित मालवीय को क्ळ और सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह दीपक म्हास्के को लाया गया है, जो चुनावी डेटा और संगठनात्मक काम के बैकग्राउंड वाले व्यक्ति हैं और उतने चर्चित नहीं हैं।



संदीप शर्मा, सम्पादक

आधिकारिक तौर पर, यह नए इखढ अध्यक्ष के तहत संगठनात्मक फेरबदल है। हालांकि, राजनीतिक नजरिए से इसके समय को नजरअंदाज करना मुश्किल है।

**BJP** को हाल ही में एक मुश्किल डिजिटल अनुभव से गुजरना पड़ा: मीम, युवाओं और सोशल मीडिया की भाषा में शुरू हुआ एक आंदोलन पार्टी के पसंदीदा राजनीतिक नैरेटिव से बाहर निकलकर मुख्यधारा की राजनीति के केंद्र में आ गया। जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) का विरोध प्रदर्शन, जो शुरू में ठएएळ पेपर-लीक विवाद और शिक्षा पर केंद्रित था, युवाओं के गुस्से के एक बड़े इजहार में बदल गया। इन विरोध प्रदर्शनों के कारण आखिरकार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा और इसने इतना राजनीतिक माहौल बनाया कि यह संसद तक पहुँच गया।

जिस पार्टी ने एक दशक से ज्यादा समय डिजिटल राजनीति की कला को बेहतर बनाने में बिताया हो, उसके लिए यह एक बहुत बड़ी सीख वाला पल था। **BJP** ने वही किया जिसके लिए उसका राजनीतिक कम्युनिकेशन सिस्टम बना है। उसने मैसेज देने वाले पर हमला किया, आंदोलन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और बहस को असल मुद्दे से हटाकर प्रदर्शनकारियों की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर केंद्रित करने की कोशिश की। मालवीय ने बार-बार तर्क दिया कि CJP का आंदोलन असल में शिक्षा के बारे में नहीं था और आरोप लगाया कि यह AAP समर्थित प्रोजेक्ट था जिसका मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाना था। लेकिन शायद इसी प्रतिक्रिया ने समस्या को उजागर कर दिया।

कोई आंदोलन सिर्फ इसलिए राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक नहीं हो जाता क्योंकि उसके आयोजकों की राजनीतिक सहानुभूति किसी खास दल के साथ है। न ही उसके इकोसिस्टम में किसी विपक्षी नेता की पहचान करने से उस मूल सवाल का जवाब मिलता है जो युवाओं को सड़कों पर ले आया: लाखों छात्रों को प्रभावित करने वाली परीक्षा प्रणाली को विफल होने पर जवाबदेही से क्यों बचने दिया जाए? इसलिए, CJP की सबसे अहम उपलब्धि शायद उसके नारे या उसका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। बल्कि यह किसी मुद्दे को भावना में—और भावना को एक राजनीतिक वोट बैंक में—बदलने की उसकी क्षमता थी।

ठीक यहीं पर पारंपरिक IT-सेल की राजनीति पुरानी लगने लगती है। बीजेपी की डिजिटल रणनीति तब बहुत सफल रही थी जब राजनीति मुख्य रूप से स्थापित पार्टियों, उनके नेताओं और उनके नैरेटिव के बीच का मुकाबला हुआ करती थी। लेकिन इंटरनेट बदल गया है। अब सबसे असरदार राजनीतिक बातचीत जरूरी नहीं कि किसी पार्टी के आधिकारिक हैंडल से ही आए। यह किसी मीम पेज, छात्रों के समूह, किसी गुमनाम क्रिएटर या ऐसे आंदोलन से भी आ सकती है जिसकी राजनीतिक पहचान अभी बन ही रही हो।

## सुखबीर सिंह बादल के स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए गुरुद्वारा गुरुसर कौंके में विशेष अरदास



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/अगस्त। श्री हजूर साहिब के गुरुद्वारा साहिब में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले के विरोध और उनकी सेहतयाबी की कामना को लेकर सिख जगत में लगातार चिंता और रोष देखा जा रहा है। इसी कड़ी में आज ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरुसर कौंके (पात्शाही छठी) में अकाली दल के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं द्वारा विशेष अरदास का आयोजन किया गया। यह आयोजन एस.आर. क्लेर और गुरचरण सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें नेताओं ने सुखबीर सिंह बादल के पूर्ण स्वास्थ्य, उनकी 'चढ़दी कला' (उत्साह व ऊर्जा) और पंथ की भलाई के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब और सिखों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रहे शिरोमणि अकाली दल की आवाज को दबाने के लिए पंजाब-विरोधी और सिख-विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि श्री हजूर साहिब जैसी पवित्र जगह पर इस प्रकार का हमला बेहद गंभीर और निंदनीय है, लेकिन गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की असीम कृपा से ही बड़ा हादसा टल गया।

## कार-स्कूटर एसोसिएशनों ने 'AAP' के प्रमुख वक्ता धलीवाल को सौंपा ज्ञापन



कुलदीप सिंह धलीवाल को मांगपत्र देते राजेश बत्रा व अन्य!

आर. के. उप्पल

अमृतसर/यू टर्न /17 अगस्त! अमृतसर की विभिन्न कार/स्कूटर एसोसिएशनों की ओर से चेयरमैन राजेश बत्रा कि अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी के प्रमुख वक्ता सरदार कुलदीप सिंह धालीवाल को अपनी मांगो के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट मंत्री हरपाल सिंह चीमा से संपर्क कर संबंधित समस्याओं पर बातचीत करके हल निकालने के लिए चर्चा भी की गई।

## सिविल अस्पताल जगरांव द्वारा डेंगू रोकथाम अभियान और HIV जागरूकता शिविर आयोजित

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/अक्टूबर। पंजाब सरकार, सिविल सर्जन लुधियाना और एसएमओ डॉ. अमन शर्मा के दिशा-निर्देशों के तहत सिविल अस्पताल जगरांव की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।



'हर सोमवार डेंगू ते वार' मुहिम के तहत एंटी लार्वा स्टाफ, ब्रीडिंग चेकर्स और आशा वर्करों ने जगरांव के मॉल, सिनेमाघर, रेस्टोरेंट, होटल, ढाबों तथा विभिन्न रिहायशी क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लारवासाइड दवा का छिड़काव किया गया, डेंगू से बचाव संबंधी पंपलेट बांटे गए और कूलर व आसपास साफ-सफाई रखने के सुझाव दिए गए। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

# रक्तदान से मनाया आजादी का जश्न, 42 यूनिट रक्त एकत्र

### जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के संकल्प के साथ आगे आए रक्तदाता

जीरकपुर/यूटर्न/17 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के जश्न को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए जीरकपुर में रक्तदान शिविर लगाया गया। विश्वास फाउंडेशन पंचकूला और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा मोहाली की ओर से आयोजित शिविर में लोगों ने उत्साह दिखाया और कुल 42 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आयोजकों ने रक्तदान को जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी बचाने वाली सेवा बताते हुए स्वस्थ लोगों से नियमित



रक्तदान की अपील की। मेट्रो स्टोर के सामने लगाए गए शिविर में एम केयर ब्लड सेंटर की टीम ने डॉ. कार्तिक अग्रवाल की निगरानी में रक्त एकत्र किया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने कहा कि देश की आजादी का उत्सव समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के संकल्प के साथ मनाया जाए तो उसका महत्व और बढ़ जाता है। रक्तदान के जरिए किसी जरूरतमंद मरीज को नई जिंदगी की उम्मीद दी जा सकती है।

**हादसों और सर्जरी के मरीजों के लिए रक्त की जरूरत...**फाउंडेशन के संयुक्त सचिव ऋषि सरल विश्वास ने कहा कि हादसों, सर्जरी, प्रसव, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध होना बेहद जरूरी है।

# सरबत दा भला ट्रस्ट ने छात्रों के ब्लड ग्रुप जांचने के लिए लगाया मुफ्त कैंप

### सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तामकोट में विद्यार्थियों की हुई निशुल्क जांच

श्री मुक्तसर साहिब, 17 अगस्त। सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से डॉ. एसपी सिंह ओबरॉय के नेतृत्व में मानवता की सेवा के तहत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप की निशुल्क जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तामकोट में मुफ्त ब्लड ग्रुप जांच कैंप लगाया गया।

ट्रस्ट के जिला प्रधान अरविंदर पाल सिंह चहल बूड़ा गुज्जर ने बताया कि सरकारी निदेर्शों के अनुसार विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप का रिकॉर्ड होना जरूरी है, लेकिन आर्थिक कारणों से कई विद्यार्थी जांच नहीं करवा पा रहे थे। मामला डॉ. ओबरॉय के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने सनी ओबरॉय क्लिनिकल लैब के माध्यम से विद्यार्थियों की निशुल्क जांच कराने का निर्णय



लिया। कैंप में सनी ओबरॉय क्लिनिकल लैब एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, थांदेवाला रोड की टीम ने विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप की जांच की। स्कूल प्रमुख गोपाल सिंह, विद्यार्थियों के अभिभावकों और सरपंच विशाखा सिंह ने इस पहल के लिए डॉ. ओबरॉय का आभार जताया। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी, पंचायत सदस्य, शिक्षक और ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## 40 की उम्र के लोगों की कोई टाइमलाइन नहीं है, बस वाइब्स है : प्रियंका चोपड़ा



बॉलीवुड की देसी गर्ल यानी प्रियंका चोपड़ा ने 40 की उम्र पार कर ली है। अभिनेत्री ने अपनी उम्र से जुड़े पड़ावों को मजेदार अंदाज में समझाते हुए सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि 40 के बाद भी लाइफ फुल ऑन मस्ती और वाइब्स से भरी होती है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट शेयर किया। इसमें उन्होंने बताया कि 40 की उम्र के लोग कुछ जवां, तो कुछ की मांसपेशियां खींच जाती हैं। कोई इस उम्र में दादी बन जाता है, कोई नया बच्चा पैदा करता है, कोई 20 साल की शादी की सालगिरह मनाता है और कोई यंग लड़के-लड़की को डेट करता है।

यूटर्न टाइम

# 15 कर्मियों को निकालने पर भड़की भाकियू लखोवाल, 19 अगस्त को काले झंडों से विरोध का एलान

## सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल-कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ संघर्ष तेज करने की चेतावनी



लालड़/यूटर्न/17 अगस्त। सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल-कॉलेज प्रबंधन द्वारा कथित तौर पर 15 कर्मियों को नौकरी से निकाले जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन लखोवाल ने इस मुद्दे पर प्रबंधन के खिलाफ संघर्ष तेज करने का एलान करते हुए 19 अगस्त को कॉलेज के बाहर काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

रविवार को गांव दप्पर में यूनियन की अहम बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि 15 कर्मियों को कथित तौर पर गैरकानूनी तरीके से नौकरी से निकाल दिया गया और वे पिछले करीब पांच महीने से अपने अधिकारों की मांग को लेकर स्कूल के बाहर धरने पर बैठे हैं। यूनियन का कहना है कि अब तक न तो प्रबंधन ने उनसे कोई ठोस बातचीत की और न ही प्रशासन स्तर पर समाधान निकल पाया है।

रंगारंग कार्यक्रम के बीच कर्मियों की मांगों की अनदेखी का आरोप यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि एक तरफ प्रभावित कर्मियों के परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर 19 अगस्त को कॉलेज परिसर में बड़े स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यूनियन ने इसे कर्मियों की मांगों की अनदेखी बताते हुए विरोध दर्ज कराने का फैसला लिया है। मनप्रीत सिंह अमलाला ने कहा कि 19 अगस्त को कॉलेज के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि प्रबंधन प्रभावित कर्मियों के मामले का जल्द समाधान करे। बैठक में गुरप्रीत सिंह जसताना कलां, रणजीत सिंह राणा, कार्यकारी अध्यक्ष हरी सिंह बोहड़ा, जगतार सिंह झरमड़ी, रणजीत सिंह भगवानपुर, गुरपाल सिंह दप्पर, नानू सिंह जनेतपुर और कमलजीत सिंह समेत कई यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डेराबस्सी ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स की अड़चनें दूर करने पर मंथन, मंत्री ने कार्रवाई तेज करने का दिया भरोसा



डेराबस्सी/यूटर्न/17 अगस्त। डेराबस्सी में प्रस्तावित ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण में हो रही देरी का मामला अब मंत्री स्तर तक पहुंच गया है। विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने के बाद विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सोमवार को पंजाब सिविल सचिवालय में राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां के साथ बैठक कर परियोजना से जुड़ी अड़चनों और निर्माण प्रक्रिया पर चर्चा की। बैठक में एफसीआर अनुराग वर्मा समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक रंधावा ने विधानसभा सत्र के दौरान सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया था कि ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स की घोषणा के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसके बाद राजस्व मंत्री ने इस संबंध में अलग से बैठक करने का समय दिया था। बैठक में प्रस्तावित परिसर के लिए उपलब्ध जमीन, विभागीय औपचारिकताओं और निर्माण कार्य शुरू करने से जुड़े प्रशासनिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। रंधावा ने कहा कि डेराबस्सी आबादी और मतदाताओं के लिहाज से बड़े विधानसभा क्षेत्रों में शामिल है। मौजूदा समय में अदालतें प्रशासनिक ब्लॉक में चल रही हैं, जबकि विभिन्न सरकारी कार्यालय अलग-अलग स्थानों पर होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

# चुनाव से पहले डेराबस्सी में बूथ नेटवर्क मजबूत करने की तैयारी में भाजपा

## ज्ञानचंद गुप्ता ने कार्यकताओं से लिया जमीनी फीडबैक, घर-घर संपर्क बढ़ाने का दिया मंत्र



डेराबस्सी/यूटर्न/17 अगस्त। आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा ने डेराबस्सी में जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और बूथ नेटवर्क मजबूत करने पर फोकस बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर विपिन थमन के निवास पर कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में पार्टी की मौजूदा स्थिति का फीडबैक लेने के साथ आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं के सुझाव भी लिए।

बैठक में चुनावी तैयारियों के साथ इस बात पर विशेष चर्चा हुई कि बूथ स्तर के कार्यकताओं को किस तरह अधिक सक्रिय किया जाए और पार्टी की पहुंच नए मतदाताओं तक बढ़ाई जाए। गुप्ता ने कार्यकताओं से कहा कि चुनावी तैयारी केवल बड़े कार्यक्रमों तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम तैयार की जाए।

**जनता के बीच मौजूदगी बढ़ाने पर जोर...** गुप्ता ने कार्यकताओं से घर-घर संपर्क अभियान तेज करने और लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए कहा। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार कार्यकताओं का जनता के साथ लगातार संपर्क है।

# गिद्धे और पंजाबी गीतों के बीच तीज की धूम, महिलाओं ने बिखेरे संस्कृति के रंग



जीरकपुर/यूटर्न/17 अगस्त। सावन की रौनक के बीच जीरकपुर में तीज उत्सव पंजाबी संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। एमसी बबीता सागवान और नवीन सागवान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। पारंपरिक पंजाबी परिधानों में पहुंचीं महिलाओं ने लोकगीतों और गिद्धे की प्रस्तुतियों के जरिए पंजाब की समृद्ध विरासत की झलक पेश की। समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने महिलाओं और क्षेत्रवासियों को तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी हैं। आधुनिकता के दौर में पंजाबी विरासत और पारंपरिक त्योहारों को सहेजकर रखना जरूरी है।

**तीज जैसे आयोजन मजबूत करते हैं सामाजिक भाईचारा...** गुरदर्शन सैणी ने कहा कि सामूहिक रूप से मनाए जाने वाले त्योहार लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि गुरदर्शन सिंह सैणी, जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सैणी सहित अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

# पक्का रोजगार और नियमित भर्ती की मांग को लेकर सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

अमरिंदर सिंह



बराड़ा/यूटर्न/17 अगस्त। हरियाणा कौशल रोजगार निगम (HKRN) के माध्यम से विभिन्न गांवों में कार्यरत कर्मचारियों को पक्का करने और प्रदेश के खाली पड़े सरकारी पदों पर नियमित भर्ती शुरू करने की मांग को लेकर कांग्रेस 19 अगस्त को पंचकूला में बड़ा धरना-प्रदर्शन करने जा रही है। कांग्रेस ने इस प्रदर्शन को कर्मचारियों और बेरोजगार युवाओं के हक की आवाज को बुलंद करने का मंच बताया है। कांग्रेस का धरना 19 अगस्त, बुधवार को सुबह 10:30 बजे एच के आर एन कार्यालय, सेक्टर-6, पंचकूला में आयोजित होगा। प्रदर्शन में हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेता, धीरज और कार्यकर्ता शामिल होंगे। मुलाना विधायिका पूजा ने बराड़ा स्थित अपने आवास और साहा कांग्रेस कार्यालय में संबोधित करते हुए कहा कि HKRN कर्मचारी लंबे समय से प्रदेश के विभिन्न सरकारी गांवों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।